www.sanjanabharati.com | दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित | facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

SB NEWS

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत





2 भारत में लगातार घटती गरीबी एवं बढ़ती... | 3 रेवाड़ी को मिला विकास का बड़ा तोहफा, मुख्यमंत्री... | 4 बीजना गांव में महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा...



वर्षः 9 | अंकः 232 | दिल्ली, सोमवार, 16 जून 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया


## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश से आठ लोगों की मौत

**महाराष्ट्र (एजेन्सी)।** महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते रविवार को आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की मौत बिजली गिरने से हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, बीते 24 घंटे में पूर्वाह्न 11 बजे तक रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके बाद रायगढ़ में 65.3 मिमी, सिंधुदुर्ग में 43.8 मिमी, ठाणे में 29.6 मिमी और यवतमाल में 27.5 मिमी वर्षा हुई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में आठ लोगों की जान गई है और दस लोग घायल हुए हैं। मुंबई, सिंधुदुर्ग, धुले, नासिक, संभाजीनगर, नंदुरबार और अमरावती में मौत की घटनाएं हुईं, जिनमें से अधिकतर मौत आसमानी बिजली गिरने के कारण हुई। कोंकण क्षेत्र की प्रमुख नदियों में रत्नागिरि जिले की जगबुड़ी नदी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही है। आपदा प्रबंधन रिपोर्ट में कहा गया है यदि जलस्तर और बढ़ता है तो नदी के किनारे बसे खेड़, अलसुरे, चिंचघर और प्रभुवाडी गांव प्रभावित हो सकते हैं।

### मध्य प्रदेश के बालाघाट में मुठभेड़ के दौरान चार नक्सली ढेर

**मध्य प्रदेश (एजेंसी)।** देश से नक्सलियों के सफाए के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहने के बीच मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ एक बड़ी मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। मारे गए नक्सलियों में एक पुरुष और तीन महिला नक्सली शामिल हैं। उनके पास से हथियारों का जखीरा भी बरामद किया गया। क्षेत्र में भारी बारिश के बावजूद अभियान अभी भी जारी है। मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में शनिवार को मार गिराए गए चार नक्सलियों पर कुल 56 लाख रुपये का इनाम था और इन सभी के खिलाफ 100 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बालाघाट के थाना रूपझर व सोनेवानी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पचामा दादर-कटेझिरिया के जंगल में शनिवार को हुई मुठभेड़ में चार नक्सली मार गिराए गए थे। इनमें एक पुरुष और तीन महिलाएं शामिल थीं।

# यूपी में परिवर्तनकारी युग लेकर आया योगी जी का शासनकालः अमित शाह

## गरीब, पिछड़े, और आदिवासी समुदायों के लिए मसीहा के रूप में दिखनी चाहिए यूपी पुलिसः अमित शाह



**एसबी संवाददाता**

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में रविवार को लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में 60,244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित किये गये। इस ऐतिहासिक आयोजन में अपने संबोधन में अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन नियुक्तियों में न खर्चा, न पर्ची, न शिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर संपन्न हुई।

**यूपी पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिसबलः** अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिसबल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। शाह ने बताया कि इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षित पदों का शत-प्रतिशत लाभ उत्तर प्रदेश में सुनिश्चित किया गया है, जो योगी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है।

**योगी सरकार के तहत कानून व्यवस्था में हुआ सुधारः** शाह ने उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती रही थी, लेकिन 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी पुलिस ने नई बुलंदियों को छूना शुरू किया। उन्होंने कहा कि योगी जी ने औद्योगिक विकास, शिक्षा, कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचा, बिजली और नल से जल जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर एक परिवर्तनकारी युग की शुरूआत की है। शाह ने जोर देकर कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है, और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया।

**पारदर्शी भर्ती और तकनीक के योगदान की सराहनाः** केंद्रीय गृह मंत्री ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि तकनीक के उपयोग, जैसे कि कैमरे, कंट्रोल रूम, कमांड सेंटर, पीसीआर वैन और 150 से अधिक ऑन-व्हील फॉरेंसिक साइंस लैब वैन ने इस प्रक्रिया को और निष्पक्ष बनाया है। शाह ने दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह भर्ती प्रक्रिया न केवल पारदर्शी थी, बल्कि इसमें हर वर्ग और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया।

**पुलिसबल का आधुनिकीकरण और नए कानून की चर्चाः** शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पुलिसबल के आधुनिकीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य संहिता जैसे नए कानूनों के लागू होने से अगले पांच वर्षों में देश में ऐसी व्यवस्था बनेगी, जिसमें किसी भी एफआईआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक का न्याय तीन साल के भीतर मिल सकेगा। इसके अलावा, सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स), आईसीजेएस (इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) और फॉरेंसिक साइंस जैसी तकनीकों ने पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया है।

**भारत का हुआ आर्थिक और सामाजिक उत्थानः** अमित शाह ने अपने संबोधन में देश के आर्थिक और सामाजिक प्रगति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और 60 करोड़ लोगों को गैस सिलेंडर, शौचालय, नल से जल, मुफ्त इलाज और किसानों को आर्थिक सहायता जैसी योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि 2014 में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, लेकिन आज यह चौथे स्थान पर है और 2027 तक यह तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने 143 से अधिक शहरों में मेट्रो ट्रेन, 150 से अधिक हवाई अड्डे, और नई शिक्षा नीति जैसे कदमों से हर युवा को अवसर प्रदान किए हैं।

**नक्सलवाद और आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंसः** शाह ने नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ सरकार की सख्त नीति की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है, और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा तीन बार आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया।

**अमृत काल में यूपी पुलिस की भूमिका की चर्चाः** अमित शाह ने नवनियुक्त कार्मिकों से कहा कि वे अमृत काल में यूपी पुलिस का हिस्सा बन रहे हैं और 2047 तक जब भारत विश्व में सर्वप्रथम स्थान पर होगा, तब यूपी का योगदान सबसे बड़ा होगा। उन्होंने युवाओं से सुरक्षा, सेवा और संवेदनशीलता के मंत्र के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। शाह ने कहा कि यूपी पुलिस का डर गुंडों और माफियाओं पर सख्त होना चाहिए, लेकिन गरीब, पिछड़े, और आदिवासी समुदायों के लिए पुलिस को मसीहा के रूप में दिखना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, डीजीपी, पुलिस अधिकारीगण सहित सभी 75 जनपदों के 826 विकासखंडों और 762 नगर निकायों से संबंधित यूपी पुलिस का हिस्सा बन रहे 60,244 नवनियुक्त आरक्षीगण मौजूद रहे।

# प्रदेश को योग युक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए योग मैराथन बनी एक संकल्प यात्राः सीएम नायब सिंह सैनी

## 'योग दिवस को लेकर अब तक प्रदेश के 19.27 लाख से ज्यादा लोग जुड़े'



**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश को योग युक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए गीता स्थली कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर योग मैराथन एक संकल्प यात्रा बनी है। इस संकल्प यात्रा में हजारों युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने जोश और खरोस के साथ दौड़ लगाकर एक नए आयाम को स्थापित किया है। इस सरकार ने भी संकल्प लेकर राष्ट्र की संपत्ति युवा वर्ग को नशे से बचाने के लिए योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा बनाने रूपी कर्म को ठाना है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र में 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम से पहले चलाए गए अभियान में अब तक प्रदेश के 19.27 लाख से अधिक लोग जुड़ चुके हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को ब्रह्मसरोवर के दक्षिण गेट पर हरियाणा खेल विभाग, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय योग मैराथन को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा और महानिदेशक श्री संजीव वर्मा ने राज्य स्तरीय योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं योग मैराथन के धावकों पर पुष्प वर्षा भी की। उन्होंने इस मैराथन में महिलाओं और पुरुष वर्ग के विजेता 20 धावकों को पुरस्कार के रूप में 3 लाख 46 हजार रुपये के नकद पुरस्कार भी वितरित किये। इस योग मैराथन में प्रथम आने वाले गौरव और सोनीपत की मोनिका को 51 हजार रुपये देकर सम्मानित किया। इस योग मैराथन में हजारों युवाओं ने हिस्सा लेकर नशे के खिलाफ चल रहे यज्ञ में आहुति डालने का काम किया। इस मैराथन ने योग, खेल, संस्कृति और पर्यावरण चेतना को एक नई उंचाई दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 21 जून को पवित्र स्थल ब्रह्मसरोवर के तट पर योग गुरु स्वामी रामदेव के साथ योग करने का सौभाग्य मिलेगा जिसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी करवाए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम से 6 दिन पहले आज योग मैराथन का आयोजन किया गया है, जिसमें करीब 20 हजार से भी अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हमें प्रतिदिन एक घंटा अपने शरीर के लिए अवश्य निकालना चाहिए, जो व्यक्ति हृष्ट पुष्ट होगा वह नई ऊर्जा के साथ काम करेगा। इससे काम की गति बढ़ेगी। योग को हमें अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की वन अर्थ वन हेल्थ थीम निर्धारित की गई है, जिसको आगे बढ़ते हुए हमने प्रदेश में योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा जोड़कर इसे और प्रभावी बनाने का काम किया है। इस थीम पर चलते हुए सभी नागरिक अपने आप को नशे से बचाएं। साथ ही प्रदेश के युवाओं को नशे से बचाना है। नशा एक कुरीति है, जो किसी भी राष्ट्र के विकास में बाधा उत्पन्न करती हैं।

# पंजाब में कुछ शक्तियां ग्रहण की तरह सत्ता में बैठी हैंः रेखा गुप्ता



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** पंजाब उपचुनाव में जाते वक्त रविवार को दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता हरियाणा के करनाल पहुंची। करनाल मि मेयर रेनू बाला गुप्ता व बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने उनका स्वागत किया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि दिल्ली और हरियाणा के संबंध अच्छे हैं, दिल्ली के विकास में हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके साथ ही पंजाब सरकार पर तंज कसा और उन्हें पंजाब की प्रगति में रोड़ा बताया।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पंजाब पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब में कुछ शक्तियां ग्रहण की तरह बैठी हैं, न खुद तरक्की कर रही हैं और न बाकी राज्यों के साथ समन्वय बना रही हैं।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता करनाल में नमस्ते चौक पर स्थित एक निजी होटल में रुकी थीं, जहां पर बीजेपी के नेताओं और कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। मेयर रेनू बाला गुप्ता और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि करनाल एक सुंदर शहर है। पूरे शहर को अच्छे से साफ-सुथरा रखा गया है। शहर का ख्याल अच्छे से रखा गया है। शहर भी आगे बढ़ रहा है। राज्य भी आगे बढ़ रहा है और इसी संगठन के साथ राज्य का विकास होता है। दिल्ली और हरियाणा राज्य के ऐसे संबंध हैं, जिससे दोनों राज्यों का विकास संभव है। उन-?होंने कहा कि हरियाणा का सहयोग दिल्ली को हमेशा मिलता रहेगा और दिल्ली के विकास में हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

मीडिया ने पंजाब के साथ रिश्तों को लेकर सवाल किया तो इस पर उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि कुछ ऐसी शक्तियां पंजाब पर ग्रहण की तरह बैठी हैं, जिसके कारण न पंजाब तरक्की कर पा रहा है, न ही बाकी राज्यों के साथ उनका समन्वय अच्छा है। पंजाब सरकार को इस पर विचार करने की जरूरत है।

# अधिवक्ता पुत्र शाश्वत बने सीआईएसएफ कमांडेंट




**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** अधिवक्ता पुत्र शाश्वत ने युपीएस सी (सीएपीएफ) सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की परीक्षा में 53वी रैंक प्राप्त की है अब उनका सी आई एस एफ में सहायक कमांडेंट बनना तय हो गया है शास्वत की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीए तथा बीएचयू से 2023 में एमए करने के बाद नेट जेआरएफ क्वालिफाई किए इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी करते हुए सिविल सेवा की तैयारी भी करते हुए प्रथम बार में यूपीएससी (सीएपीएफ) परीक्षा 2024 को राष्ट्रीय स्तर पर 53 वीं रैंक लाकर गौरवान्वित करने का काम किया है। अगस्त 2024 में मुख्य परीक्षा देने के बाद इंटरव्यू 3 जून 2025 को हुआ फाइनल रिजल्ट 13 जून 2025 को यूपीएससी द्वारा घोषित किया गया।

बता दें शाश्वत से बडे तीन बड़े भाईयो में सबसे बडे डाक्टर है,डाक्टर सत्यम उत्तर प्रदेश गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज आजमगढ़ में असिस्टेंट प्रोफेसर है वहीं दुसरे बडे भाई इंजिनियर शिवम आईपीएस है जो वर्तमान में पुलिस एकेडमी हैदराबाद में ट्रेनिंग कर रहे हैं तीसरे भाई भी डाक्टर है।

डाक्टर सुन्दरम जो सेना के एएमसी (आर्म्स मेडिकल कोर) में कैप्टन है। तीन पुत्रों के बाद चौथे पुत्र की सफलता से लहरतारा निवासी माता गीता देवी व पिता मनमोहन गुप्ता अधिवक्ता के खुशी का ठिकाना नहीं है।

मनमोहन गुप्ता के पारिवारिक मित्र बनारस बार के पुर्व महामंत्री नित्यानंद राय ने शाश्वत को इस सफलता के लिए बधाई दिया है।

# इंग्लैंड के साथ मिलकर मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव : सैनी

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस बार इंग्लैंड के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। हर वर्ष अलग-अलग देश में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हर बार अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में अलग देश को शामिल किया जाता है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती कार्यक्रम में लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी रविवार को हरियाणा खेल विभाग, आयुष विभाग व जिला प्रशासन के तत्वावधान में ब्रह्म सरोवर पर आयोजित राज्य स्तरीय योग मैराथन के सफल आयोजन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की जनता पहले कांग्रेस से तंग थी और अब आम आदमी पार्टी से महातंग हो चुकी है। इन दोनों सरकारों से तंग होने के बाद जनता ने अब पंजाब में भी कमल खिलाने का मन बना लिया है, क्योंकि दोनों पार्टियों ने पंजाब की जनता को सिर्फ सब्जबाग दिखाए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों ने केवल खुद के विकास के लिए काम किया है। उन्होंने जनता के बारे में कुछ करना तो दूर उनके बारे में अच्छा सोचा तक नहीं है। मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के राज की कानून व्यवस्था को भलीभांति जानती है। अब प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। जहां भी कानून व्यवस्था का उल्लंघन होता है, वहां पर पुलिस जांच करके आरोपी के खिलाफ सख्त एक्शन लेती है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर शोक प्रकट करते हुए प्रार्थना की कि भगवान दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में जगह दे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस में व्यापार जगत के लोगों के साथ बैठक में हिस्सा लिया

**(एजेन्सी)।**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को साइप्रस की दो दिवसीय यात्रा शुरू की-इस यात्रा का उद्देश्य साइप्रस को एक संदेश भेजना है, जो भूमध्य सागर के इस द्वीपीय देश का विरोधी रहा है और जिसने पिछले महीने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के चरम पर पहुंचने पर इस्लामाबाद का खुलकर समर्थन करके नई दिल्ली को नाराज कर दिया था। भारत प्रधानमंत्री की इस यात्रा का उपयोग साइप्रस के साथ अपने आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के लिए कर सकता है, जो भूमध्य सागर और यूरोपीय संघ के लिए प्रवेश द्वार के रूप में काम कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ निकोसिया में एक व्यापार जगत के लोगों के साथ गोलमेज बैठक में हिस्सा लिया और व्यापार, निवेश एवं रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने का आह्वान किया, जिसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री आज दिन में साइप्रस की राजधानी निकोसिया पहुंचे। उन्होंने बैठक में भारत और साइप्रस के व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित किया। व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों में विकास की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, साइप्रस लंबे समय से भारत का एक विश्वसनीय साझेदार रहा है। बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा दिया गया। राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस और मैंने भारत और साइप्रस के बीच वाणिज्यिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अग्रणी सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) के साथ बातचीत की।

# रेवाड़ी को मिला विकास का बड़ा तोहफा, मुख्यमंत्री ने खोला घोषणाओं का पिटारा

## रेवाड़ी में बनेगी बड़ी लाइब्रेरी, सड़कों की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए लगभग 35 करोड़ रुपये की घोषणा



**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रेवाड़ीवासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए घोषणाओं का पिटारा खोला। उन्होंने रेवाड़ी की पानी की आपूर्ति के लिए भगवानपुर में 9 एकड़ 7 कनाल भूमि में अतिरिक्त वाटर स्टोरेज टैंक के निर्माण के लिए 50 करोड़ 58 लाख रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, गांव डूंगरवास में पीने के पानी के लिए बूस्टिंग स्टेशन और नई पाइन लाइन बिछाने के लिए 7 करोड़ 20 लाख रुपये की घोषणा की। साथ ही, गांव गोकुलपुर में वॉटर वर्क्स के निर्माण और नई पाइप लाइन बिछाने के लिए 5 करोड़ 6 लाख रुपये की घोषणा की।

मुख्यमंत्री आज रेवाड़ी में आयोजित धन्यवाद रैली को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी में 288 करोड़ 31 लाख रुपये लागत की 15 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 193 करोड़ 94 लाख रुपये की लागत की 8 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 94 करोड़ 37 लाख रुपये लागत की 7 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि रेवाड़ी में भूमि उपलब्ध होने पर एक बड़ी लाइब्रेरी बनाई जाएगी। साथ ही, रेवाड़ी में मार्केट कमेटी के भवन के लिए भी 4 करोड़ 39 लाख रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की पांच सड़कों के नवीनीकरण के लिए मुख्यमंत्री ने 4 करोड़ 20 लाख रुपये की घोषणा की। इसी विभाग की 37.32 किलोमीटर की 18 सड़कों को संबंधित एजेंसी के माध्यम से ठीक करवाया जाएगा। इसके अलावा, रेवाड़ी में 18.48 किलोमीटर की 12 अन्य सड़कों की स्पेशल रिपेयर के लिए 3 करोड़ 36 लाख रुपये, 37.59 किलोमीटर की 25 सड़कों के नवीनीकरण के लिए 26 करोड़ 84 लाख रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेवाड़ी विधानसभा में पीडबल्यूडी की 90.99 किलोमीटर की 51 सड़कों की संबंधित एजेंसी के माध्यम से मरम्मत करवाई जाएगी। रेवाड़ी में 10.95 किलोमीटर की पांच सड़कों का निर्माण कार्य जल्द आरंभ हो जाएगा। इसके अलावा, रेवाड़ी शहर में सीवरेज की नई लाइन बिछाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि कर्नल राम सिंह चौक के पास फ्लाई ओवर की फिजिबिलिटी चेक करवाकर इसका निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा, भूमि उपलब्ध होने पर जिला नागरिक अस्पताल से ट्रामा सेंटर को नई जगह शिफ्ट किया जाएगा। धारूहेड़ा के अर्बन हेल्थ सेंटर को अपग्रेड कर पीएचसी बनाया जाएगा। नगर परिषद रेवाड़ी के नए भवन कार्यालय का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक काकोडिया के भवन का निर्माण भूमि की उपलब्धता होने पर किया जाएगा। रेवाड़ी में जमीन उपलब्ध होने पर उपमंडल कृषि अधिकारी के कार्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा। राजकीय महाविद्यालय बॉयज के भवन का भी निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैसानी बैराज में जो फैक्ट्रियों का दूषित पानी आता है, उसके समाधान के लिए सरकार ने एक व्यापक योजना बनाई है। इसके तहत, इस क्षेत्र में एसटीपी लगाए जाएंगे और पानी को शुद्ध करके बैराज में छोड़ा जाएगा और उस पानी को कृषि के लिए उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी विधानसभा के गांवों के विकास कार्यों को लेकर अलग से 5 करोड़ रुपये की घोषणा की। रेवाड़ी को वीरों और सैनिकों की धरती बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहाँ के जवान सरहदों पर देश की रक्षा कर रहे हैं, ताकि हम सब अपने घरों में सुरक्षित रह सकें। उन्होंने जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि लोगों ने कुछ महीने पहले ही डबल इंजन की सरकार तो बनाई ही, साथ ही उसमें ट्रिपल इंजन जोड़ने का काम किया। अब प्रदेश में तीन गुना ज्यादा गति से काम हो रहे हैं। हरियाणा की जनता ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकार कर विकास और राष्ट्रवाद की नीति पर मुहर लगाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाण सरकार किसी एक जाति, एक वर्ग या एक परिवार की नहीं, बल्कि हरियाणा के 2.80 करोड़ लोगों की सरकार है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलते हुए हर हरयाणवी के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक सरकार ने रेवाडी विधानसभा क्षेत्र में 1,916 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्य करवाए हैं। पिछले 10 वर्षों में रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के लिए हमने कुल 69 घोषणाएं की हैं। इनमें से 61 घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं तथा 4 पर काम जारी है। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि रेवाड़ी का विकास अब दोगुणी नहीं, बल्कि तिगुणी रफ्तार से होगा। पिछले 10 वर्षों में रेवाड़ी जिले के लिए कुल 305 घोषणाएं की गई हैं। इनमें से 167 घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं तथा 18 पर काम जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का इस इलाके से विशेष लगाव है। उन्होंने प्रधानमंत्री बनने से पहले 15 सितम्बर, 2013 को इसी वीर भूमि पर भूतपूर्व सैनिकों की रैली को सम्बोधित किया था। इसी के साथ उन्होंने चुनाव अभियान की शुरूआत की थी। उस रैली में उन्होंने 'वन रैंक वन पैंशन' का वायदा किया था, जिसे उन्होंने पूरा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में हमने एक ऐसे भारत का उदय देखा है, जो अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व करता है, वर्तमान की चुनौतियों का डटकर सामना करता है और भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी सपने संजोता है। वर्ष 2014 से पहले देश में आतंकवाद को लेकर भय का वातावरण था, परंतु प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व पर आतंकवाद पर गहरी चोट की गई और जब जब भी पाकिस्तान ने हमारी भूमि के ऊपर आ कर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने का काम किया, हमारे जांबाज सैनिकों ने पाकिस्तान की सरजमी पर जाकर उसे जवाब देने का काम किया।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमने जो कहा है, वो करेंगे। हमारी नीति, नीयत और नेतृत्व तीनों स्पष्ट हैं। सरकार ने अपने संकल्प-पत्र में रेवाड़ी के लिए भी 2 संकल्प लिये हैं कि हम यहां पर देश की सबसे बड़ी सरसों तेल सहकारी मिल और एक सैन्य संग्रहालय स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने पिछले 10 वर्षों में हरियाणा में सुशासन से सेवा का खास मॉडल तैयार किया है। इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है और सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि पूरे हरियाणा का संतुलित विकास हो। इसी संकल्प को लेकर हरियाणा सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है।

धन्यवाद रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आने वाले वर्षों में रेवाड़ी जिला रोजगार सृजन के क्षेत्र में गुरुग्राम की तर्ज पर एक सशक्त और अग्रणी केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।

# पंजाब का इंडस्ट्री इंटीग्रेटिड बी. टेक प्रोग्राम बना आकर्षण का केंद्र: बैंस

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** राज्य में तकनीकी शिक्षा के नये युग की शुरूआत करते हुए पंजाब सरकार की तरफ से महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टैकनिकल यूनिवर्सिटी ( एम. आर. एस. पी. टी. यू.), बठिंडा में शुरू किये गए देश के पहले बी. टेक इन मकैनिकल इंजीनियरिंग ( इंडस्ट्री इंटीग्रेटिड) प्रोग्राम को भरपूर समर्थन मिल रहा है।

पंजाब के तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस की तरफ से मई 2025 में शुरू किया गया देश का अपनी किस्म का पहला इंडस्ट्री इंटीग्रेटिड यह प्रोग्राम अकादमिक शिक्षा को उद्योगों के साथ जोड़ने के लिए तैयार किया गया है जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक तजुर्बे और औद्योगिक हुनर के साथ लैस करके रोजगार के समर्थ बनाया जा सके। स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि काउंसलिंग के शुरूआती दौर में सात सीटें पहले ही भरीं जा चुकीं हैं जब कि इस प्रोग्राम के लिए इस साल केवल 30 सीटें हैं। इस प्रोग्राम का दाखिला 15 अगस्त, 2025 तक खुला रहेगा जिससे इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए दाखिला लेने का मौका है।

उन्होंने बताया कि एम. आर. एस. पी. टी. यू. और विकटूरा टैकनालौजीस प्रायवेट लिमटिड ( वी. टी. पी. एल.), फरीदाबाद के दरमियान रणनीतिक सहयोग के साथ ही करवाया जा रहा यह चार वर्षीय प्रोग्राम एम. आर. एस. पी. टी. यू. में पाँच समैस्टरों के अकादमिक कोर्सवर्क और वी. टी. पी. एल. में तीन समैस्टरों के औद्योगिक प्रशिक्षण के एक नवीनताकारी माडल के द्वारा उद्योग और अकादमिक क्षेत्र के बीच अंतर को पूर्ण के लिए तैयार किया गया है। प्रोग्राम की नवीन पहुँच को उजागर करते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री ने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण के स्थान को एम. आर. एस. पी. टी. यू. के एक डीमड कैंपस के तौर पर मान्यता दी गई है जिससे विद्यार्थियों की अनुभवी शिक्षा के सहज एकीकरण और मान्यता को यकीनी बनाया जा सके। विकटूरा टैकनालोजीस की तरफ से एम. आर. एस. पी. टी. यू. कैंपस में तकरीबन 1. 5 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एक अति- आधुनिक आटोमेशन लैब भी स्थापित की जा रही है जिससे व्यावहारिक प्रशिक्षण को और मजबूत किया जा सके।

स. बैंस ने कहा कि यह प्रोग्राम एक मजबूत वित्तीय सहायता पैकेज भी पेश करता है, जो आर्थिक तौर पर कमजोर वर्ग के होनहार विद्यार्थियों के लिए 50 फीसद तक ट्यूशन में सहायता प्रदान करता है। इसके इलावा, औद्योगिक प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों को मुफ़्त रेहायश, यातायात और महीनावार वजीफा की सुविधा मिलेगी जिससे यह यकीनी बनाया जा सके कि विद्यार्थी वित्तीय बोझ से बिना अपने पेशेवर विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

जिक्रयोग्य है कि विकटूरा टैकनालोजीस के सी. एस. आर. मुखी श्री अजय कुमार सोमवंशी के नेतृत्व वाली एक टीम ने हाल ही में यूनिवर्सिटी कैंपस का दौरा करके रजिस्ट्रार डा. गुरिन्दर पाल सिंह बराड़ और प्रोग्राम मैटर डा. सन्दीप कांसल के साथ इस प्रोग्राम के संचालन पहलूओं को अंतिम रूप देने के लिए विचार- विमर्श किया।

# पंजाब के सरकारी स्कूलों ने रचा नया कीर्तिमान; 474 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में हासिल की सफलता

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि राज्य के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) जैसी कठिन प्रतिस्पर्धी परीक्षा में प्रदेश के 474 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

नीट परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए स बैंस ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और उनके शिक्षकों की समर्पित सेवाओं का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वह सभी विद्यार्थियों को मेडिकल क्षेत्र में उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।

पंजाब के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धियों को उजागर करते हुए शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस वर्ष सरकारी स्कूलों के 265 विद्यार्थियों ने जेईई (मेन) परीक्षा में और 44 विद्यार्थियों ने जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के उल्लेखनीय प्रदर्शन सरकार की उस नीति का परिणाम हैं, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित करती है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि पंजाब के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी किसी से कम नहीं हैं और वे राष्ट्रीय स्तर की कठिनतम परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। स बैंस ने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार विद्यार्थियों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार एक ऐसे शैक्षणिक इकोसिस्टम के निर्माण के लिए सतत प्रयत्नशील है, जो विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचान सके, उन्हें प्रोत्साहित करे और उन्हें वैश्विक स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व संसाधनों तक पहुँच प्रदान कर सके, जिससे वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

# अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया शोक

**एसबी ब्यूरो**

**पटना।** महान समाजसेवी सह भाजपा नेता सोनू झा ने अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस ह्रदय विदारक दुर्घटना जान गवाने वाले सभी लोगों के प्रति भाजपा परिवार की और से गहरी संवेदना व्यक्त किया है। घायलों के शीध्र स्वस्थ होने की कामना की। श्री झा ने कहा कि यह अत्यंत दर्दनाक और पीड़ादायक घटना पूरे देश और विश्व को स्तब्ध कर देने वाली है। इस कठिन समय में भाजपा परिवार शोक संतप्त परिजनों के साथ एकजुटता के साथ खड़ा है।



# पंजाब ने नशा विरोधी कार्रवाई तेज करते हुए लुधियाना में दो नशा तस्करों के घर किए ध्वस्त

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़/लुधियाना।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निदेशों पर शुरू की गई नशा विरोधी मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के दौरान पंजाब सरकार द्वारा नशा तस्करी और अवैध कमाई के खिलाफ अपनाई गई जीरो सहनशीलता नीति के तहत, आज लुधियाना में दो बदनाम नशा तस्करों की संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया है। यह ऑपरेशन नगर निगम लुधियाना के अधिकारियों के नेतृत्व में लुधियाना कलेक्टर पुलिस के सहयोग से चलाया गया।



स्पेशल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (स्पेशल डीजीपी) कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि यह आपरेशन पंजाब सरकार द्वारा नार्को नेटवर्कों के खिलाफ की जा रही सख्त कार्रवाई का हिस्सा था, जिसमें अपराधियों को पकड़ने के साथ-साथ उनकी अवैध रूप से प्राप्त संपत्तियों को भी ध्वस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन दोनों संपत्तियों को ध्वस्त करने के साथ, 1 मार्च, 2025 से अब तक नशा तस्करों द्वारा अवैध कमाई से बनाई गईं 126 संपत्तियां ध्वस्त की गई हैं।

पहले आपरेशन के दौरान, लुधियाना के अमरपुरा, गली नंबर 2 में स्थित बदनाम नशा तस्कर गुरपाल के घर पर बुलडोजर चलाया गया। यह ऑपरेशन पुलिस कमिश्नर (सीपी) लुधियाना स्वप्न शर्मा, डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) इन्वेस्टिगेशन हरपाल सिंह, एडिशनल डीसीपी जॉन-1 समी वर्मा और सीनियर टाउन प्लानर (एटीपी) जॉन-बी कुलजीत सिंह मांगट की अगुवाई में भारी पुलिस तैनाती के तहत चलाया गया।

विवरण साझा करते हुए सीपी स्वप्न शर्मा ने कहा कि दोषी गुरपाल, जिसका घर ध्वस्त किया गया है, अपराधी पृच्छभूमि वाला अभियुक्त है और उसके खिलाफ लुधियाना के विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि इलाके में नशीले पदार्थ बेचने के लिए बदनाम उक्त दोषी 2014 से नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए निर्णायक युद्ध के चलते अपराधी हिमाचल प्रदेश भाग गया है।

दूसरे आपरेशन के दौरान, लुधियाना के लोहारां गांव के हीरो सुमन नगर में गली नंबर 9 में स्थित महिला नशा तस्कर राजिंदर कौर उर्फ. रोजी के घर को बुलडोजर के साथ ध्वस्त कर दिया गया है। यह ऑपरेशन सीपी लुधियाना स्वप्न शर्मा, डीसीपी इन्वेस्टिगेशन हरपाल सिंह, एडिसीपी जोन-2 करणवीर सिंह, नायब तहसीलदार साहनेवाल हरकिरत सिंह और सीनियर टाउन प्लानर (एटीपी) जोन- सी नवनीत सिंह की अगुवाई में भारी पुलिस तैनाती के तहत चलाया गया। इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी साझा करते हुए सीपी स्वप्न शर्मा ने बताया कि कुछ वर्षों पहले इस क्षेत्र में रहने आई दोषी राजिंदर कौर उर्फ.रोजी ने धीरे-धीरे अपना घर बना लिया था। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत दो आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह इस समय जेल में बंद है। सीपी ने कहा कि दोनों ऑपरेशनों को सभी नियमों और कानूनों का पालन करते हुए अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों ऑपरेशनों को दोनों क्षेत्रों के निवासी के सहयोग से सुचारू रूप से संपन्न किया गया है।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 29 को तैयारी जोरों पर

**एसबी ब्यूरो**

**बेगूसराय।** काव्य हिन्दुस्तान अंतरराष्ट्रीय साहित्य समूह एक बार और चला पटना बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की ओर- 29.6.2025 को आठवां ऑफलाइन कवि सम्मेलन पौधा वितरण, सम्मान समारोह की और समूह द्वारा भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन, सम्मान समारोह, पौधा वितरण, 29 जून 2025 बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन पटना में आयोजित किया जा रहा है। इसमें आने वाले आमंत्रित वरिष्ठ साहित्यकार पूनम भगत वैशाली बिहार, प्रिया रंजन किशोर प्रसाद बरौनी बिहार, सरफराज हुसैन फराज मुरादाबाद उत्तर प्रदेश, डॉ. सुनीता पेंद्रे भोपाल मध्यप्रदेश, मंजुलिका भारती मुंगेर बिहार से पधार रहे हैं। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापिका रेखा शर्मा 'स्नेहा' ने देश-विदेश से साहित्यकारों का आह्वान किया है। इसमें देश के बहुत सारे साहित्यकारों की स्वीकृति प्रदान हुई है। यह संस्था द्वारा आयोजित आठवां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, सम्मान समारोह आयोजित होगा। इस कार्यक्रम की व्यवस्था विभा रानी श्रीवास्तव द्वारा संपन्न होगी।



संस्थापिका एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा शर्मा 'स्नेहा' ने आप सभी साहित्यकारों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आप रेखा शर्मा 'स्नेहा' से संपर्क कर सकते हैं। 8809523091.

# पत्रकार कल्याण एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**संजना भारती संवाददाता**
**मनोज कुमार बिन्द**

**बारा।** पत्रकार कल्याण एसोसिएशन की तरफ से रविवार को घूरपुर कार्यालय में एक बैठ आहूत की गई जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ द्विवेदी ने संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुये कहा कि सभी तहसील प्रभारी संगठन के विस्तार के लिये सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करें।



वही पत्रकारों को अपनी लेखनी का ध्यान में रखते हुए सच उजागर करे, पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर समस्त पत्रकारों को एकजुट होने की बात कही गई वहीं संगठन के जिलाध्यक्ष मो॰ कमर ने उपस्थित लोगो का आभार प्रकट करते हुये संगठन के प्रति सक्रियता बढ़ाने की बात कहीं। मंडल अध्यक्ष मो॰ आरिफ ने संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुये कहा की पत्रकार देश का चौथा स्तम्भ है। आज के परिवेश में पत्रकारों का शोषण अत्यधिक हो रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुये सभी संगठन के पत्रकारों को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी चाहिये। देखा जाये तो पत्रकार एक ऐसा चट्टान है जो की बिना किसी डर भय के खबरो का संकलन करते हुये लोगो के बीच उजागर करता है। जिसे अधिकारी संज्ञान में लेकर कार्यवाही करते है। वहीं बैठ में कुल 4 लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया। इस बैठक में हिमांशु तिवारी, तहसील अध्यक्ष बारा पुष्पराज सिंह, मो॰ सलीम, तहसील अध्यक्ष करछना कमलेश कुमार, सुहेल अकरम, नितेश सिंह, निखिल मालवीय संजय शर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# सूर्यकला रामजी फाउंडेशन ने विश्व रक्तदाता दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

## आईएमए अध्यक्ष डॉ. ए.के. राय, डॉ. मीरा सिंह और डॉ. विजय कुमार ने किया रक्तदाताओं को सम्मानित

**एसबी ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के मीरा केयर सेंटर के ब्लड बैंक में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सूर्यकला रामजी फाउंडेशन ने अपनी संस्था का 23 वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमें कुल 21 रक्तवीरों ने इस भीषण गर्मी को भी नजरअंदाज करते हुए उन्होंने पूरे जोश खरोस के साथ अपना रक्तदान किया।

इस संबंध में सूर्यकला रामजी फाउंडेशन के सचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि ये हमारी संस्था का विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 23 वां रक्तदान शिविर बेगूसराय में लगाया गया है। जिसमें रक्तदान करने वाले तमाम रक्तदाताओं को संस्था परिवार बधाई देती है।

मौके पर संस्था सदस्यों में ओणम झा, संजय चौधरी, विष्णु शांडिल्य, शुभम वर्मा, दीपक कुमार, विजय कुमार, रजनीश कुमार, निखिल भारती, राजा श्रीवास्तव मौजूद रहे।



# आयुष कैथल से 476 लोगों ने लिया योग मैराथन कुरुक्षेत्र में हिस्सा

## योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का मिला संदेशः डॉ. शकुंतला दहिया



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि महानिदेशक आयुष विभाग हरियाणा के आदेशानुसार रविवार को ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय योग मैराथन के आयोजन में आयुष विभाग कैथल से 476 लोगों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में सम्पन्न हुई योग मैराथन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी रहे एवं उन्होंने योग मैराथन दौड़ में प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाते हुए योग मैराथन की शुरूआत की तथा योग युक्त हरियाणा, नशा मुक्त हरियाणा का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में कैथल आयुष विभाग के स्टाफ सदस्यों, योग व्यायामशालाओ में नियमित योग साधकों ने सुबह सवेरे बसों के माध्यम से पहुंचकर योग मैराथन में हिस्सा लिया।

आयुष विभाग के नोडल अधिकारी एवं आयुष योग सहायक की अध्यक्षता में 7 खंडो से बस योग मेराथन में पहुंची। कैथल में डॉ राजेन्द्र कुमार, संदीप तंवर कलायत में डॉ सुनीता, विजेंदर कुमार, राजौंद मे डॉ रमेश माथुर, देवेंद्र सिंह, पूंडरी में डॉ सौरव, सर्जन सिंह, ढांड में डॉ प्रेमचंद, राजकुमार, सीवन में डॉ प्रदीप शर्मा सत्यवान, गुहला में डॉ विक्रमजीत डोगरा, संदीप राजराणा की देख रेख में योग मैराथन के प्रतिभागियों को गंतव्य स्थान तक पहुंचाया गया।

डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि योग मैराथन में कैथल से प्रतिभागियों को ले जाने का लक्ष्य नशे से दूर रहना है क्योंकि नशा जीवन को तबाह कर देता है, योग ही ऐसा सरल एवं सहज उपाय है जिससे आत्मबल एवं चेतना को विकसित करके नशे से मुक्ति मिल सकती है, युवा को नशे से दूर रहना चाहिए तथा योगमय जीवन बनाकर प्रगति की राह पर बढ़ना चाहिए एवं योग युक्त होंगे तभी नशा से मुक्त होंगे।

# जरूरत पड़ने पर अंतिम पंक्ति तक के व्यक्ति को इच्छित सूचना उपलब्ध करवाई जाएगी: कर्मबीर सैनी




**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** हरियाणा के राज्य सूचना आयुक्त कर्मबीर सैनी का चंदाना गेट स्थित सैनी भवन में रविवार को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता भाजपा की जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने की। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर सूचना आयुक्त कर्मबीर सैनी ने भाग लिया। सैनी सामाजिक एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रो. सीबी सैनी, पूर्व प्रधान बीरभान सैनी, मार्केटिंग बोर्ड के पूर्व चेयरमैन बहादुर सैनी, सीवन नगर पालिका के चेयरपर्सन प्रतिनिधि संदीप सैनी सहित समाज के गणमान्य लोगों ने उनका शॉल व फूल मालाओं से स्वागत किया।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्य सूचना आयुक्त कर्मबीर सैनी ने कहा कि वे सम्मान समारोह के लिए समाज के आभारी हैं। गर्व होता है, जब समाज द्वारा मान-सम्मान किया जाता है। यह जो ताकत आज मिली है, वह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल जी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से मिली है।

उन्होंने कहा कि जब-जब किसी विषय पर समाज की आवश्यकता पड़ी, इसी समाज ने आगे बढकर मेरा साथ दिया। उन्हें जो जिम्मेवारी मिली है, वह सेवा की दृष्टि से एक अहम जिम्मेवारी है। वे विश्वास दिलवाते हैं कि सेवा कार्य में किसी तरह की कमी नहीं आने देंगे। सूचना आयुक्त कर्मबीर सैनी ने कहा कि समाज में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को यदि किसी सूचना की जरूरत पड़ती है तो उसे सूचना दिलवाई जाएगी। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ एक्ट के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज को निरक्षरता, दहेज जैसी सामाजिक बुराईयों के खात्मे की दिशा में काम करना चाहिए। आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में व्यवस्था बदल गई है। इसीलिए बच्चों की पढ़ाई पर जोर दें। उन्हें अधिक से अधिक शिक्षित बनाएं। ताकि योज्य बच्चे अपने आप रोजगार हासिल कर सकें। आज समाज आगे आ रहा है। सरकारों में पद मिल रहे हैं। इन सभी पदों का संयम के साथ सम्मान करते हुए 36 बिरादरी के विकास की दिशा में काम करें। निश्चित तौर पर समाज तरक्की करेगा। उन्होंने सम्मान के लिए समाज का आभार जताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने कर्मबीर सैनी का अभिनंदन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में आज हरियाणा देश का नंबर वन राज्य बनने की ओर अग्रसर है। आज हरियाणा के युवाओं में योज्यता के आधार पर नौकरी हासिल करने का जज्बा है। विकास के मामले में सरकार द्वारा हर विभाग के माध्यम से जनसेवा की योजनाएं लागू की जा रही हैं। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में विकास कार्य चल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश इतना सशक्त हो गया है, महज सुनता नहीं बल्कि जवाबी कार्रवाई भी करता है। ऑपरेशन सिंदूर ने दिखा दिया है कि यह नया भारत है। यह नरेंद्र मोदी का भारत है। उन्होंने समारोह में मौजूद समाज के गणमान्य लोगों का आभार जताया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने पौधारोपण किया।

कार्यक्रम में पार्षद लीलू सैनी, राज सैनी, रामफल सैनी, मोनू सैनी, सरदार रामस्वरूप सैनी, संदीप सजूमा, लछमन सैनी, संदीप सैनी, शशि सैनी, पहलवान कृष्ण सैनी, पूर्व पार्षद वीरेंद्र ऊर्फ बिल्लू सैनी, पूर्व पार्षद जोगेंद्र सैनी, चंद्रशेखर, हरिकिशन सैनी, सुरेश सैनी, मोहन लाल सैनी, हेप्पी, जज्गा सैनी, रिंकू सैनी रामजी, राजू सैनी, सुरेंद्र सैनी, अवतार सैनी, राजेश सैनी सजूमा, राजेश जस्सी, राजेंद्र सैनी, निशांत सैनी, दीपक सैनी, हन्नी सैनी, बलविंद्र सैनी, कालू सैनी, रिंकू सैनी, सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हरियाणा में मत्स्य पालन की तरफ तेजी से बढ़ रहा रुझान : श्याम सिंह राणा

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण तथा मत्स्य मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि हरियाणा में लोगों का मत्स्य पालन की तरफ रुझान तेजी से बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में खारे पानी वाली राज्य की करीब 5900 एकड़ भूमि को झींगा और मत्स्य पालन के लिए उपयोग में लाया जा रहा है जबकि वर्ष 2014-15 में मात्र 70 एकड़ में मछली पालन होता था। श्री राणा मध्यप्रदेश के इंदौर में हुए "अंतदेर्शीय मात्स्यिकी और जल कृषि सम्मलेन 2025" में सम्बोधित कर रहे थे। इस सम्मलेन में कमिश्नर श्रीमती अमनीत पी. कुमार, मत्स्य विभाग के निदेशक श्रीपाल राठी, जिला मत्स्य अधिकारी सिरसा श्री जगदीश चन्द्र एवं जिला सिरसा के दो झींगा उत्पादक मत्स्य किसान गुरप्रीत सिंह एवं माया देवी ने भाग लिया। मत्स्य पालन मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी तेजी से उभरता हुआ राज्य बन गया है। मत्स्य पालन प्रदेश में न केवल रोजगार का साधन बन रहा है, बल्कि किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी बड़ी भूमिका निभा रहा है। हरियाणा देश के इनलैंड (भूमि से घिरे) राज्यों में मछली उत्पादन के मामले में प्रति हेक्टेयर दूसरे स्थान पर है।

उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के अधिक से अधिक जलक्षेत्रों को मछली पालन के अंतर्गत लाना, प्राकृतिक जल स्त्रोतों में मछलियों का संरक्षण करना, किसानों को उच्च गुणवत्ता का बीज व तकनीकी सहायता देना और मछली विपणन व्यवस्था को मजबूत कर युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। श्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि भारत सरकार की प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत हरियाणा में अब तक 2719 लाभार्थियों को 203 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है। इस योजना में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है। सरकार 'लखपति दीदी' योजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है।

उन्होंने बताया कि राज्य की करीब 5900 एकड़ खारे पानी वाली भूमि को झींगा और मत्स्य पालन के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। वर्ष 2014-15 में 70 एकड़ में शुरू हुए सफेद झींगा पालन को अब 15 जिलों में किसानों द्वारा किया जा रहा है।

# बीजना गांव में महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का हुआ अनावरण





## असंध से विधायक योगेंद्र राणा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर एनपी सिंह ने महाराणा प्रताप को बताया अजेय योद्धा

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** शौर्य, वीरता, संघर्ष और बलिदान की प्रतिमूर्ति महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा गांव बीजना में लगाई गई जिसका अनावरण असंध से विधायक योगेंद्र राणा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर एनपी सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य गुरदीप बीजना और समस्त गांव वासियों की ओर से आए हुए अतिथियों का सम्मान का सूचक पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। राजस्थान से पहुंचे मशहूर गायक नुसरत खान ने महाराणा प्रताप की वीरता से ओत प्रोत गीत गाकर उनके शौर्य को लोगों के सामने प्रस्तुत किया।

विधायक योगेंद्र राणा सोहन सिंह राणा डॉक्टर एनपी सिंह सतीश राणा केरवाली, विक्रम राणा पधाना, प्रदीप राणा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव बीजना के वासियों की ओर से चेतक पर सवार महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापित की है इसके लिए गांव वासी बधाई के पात्र हैं। महाराणा प्रताप जी की गांव-गांव में प्रतिमाएं स्थापित हो रही है ताकि उनसे आने वाली पीढ़ी प्रेरणा ले सके। इतिहासकारों और लेखकों ने हमारे इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जिसके चलते हमारे शूरवीरों के पराक्रम को कम करके दिखाया गया। महाराणा प्रताप ऐसे अजेय योद्धा रहे हैं जिन्होंने अपने जीवन में अनेक लड़ाइयां लड़ी और जीती। उन्होंने जीवन भर संघर्ष किया लेकिन सिद्धांतों के साथ समझौता नहीं किया जिसके चलते उनको आज भी वीर शिरोमणि कहा जाता है। 29 मई को गांव सालवन में महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें 50 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके बताए रास्ते पर चलने की बात कही।

इस अवसर पर राजपूत सभा के महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा दविंदर सरपंच अमृतपुर गोविंद सरपंच अमृतपुर खुर्द शेखर कालरम श्रीपाल परमजीत राणा जगदीश राणा मेहर सिंह राजेंद्र राणा जिला पार्षद दिलबाग राणा जिला पार्षद संग्राम सिंह सलवान के सरपंच जयवीर फौजी विनोद राणा गोंदर, चरणजीत, प्रवीण मुनक सहित काफी संख्या में गांववासी उपस्थित रहे।

# जिले में शांति पूर्वक एवं पारदर्शी रूप से संपन्न हुआ पंचायती राज संस्थाओं का उप चुनावः डीसी प्रीति



जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी प्रीति।

**संजना भारती संवाददाता**

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी प्रीति ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के सरपंच व सदस्य पंचायत समिति के पद के लिए रविवार को उप चुनाव शांति पूर्वक एवं पारदर्शी रूप से संपन्न हुआ। शेरगढ़ ग्राम पंचायत मे किताब सिंह सरपंच चुने गए, उन्हें कुल 350 वोट प्राप्त हुए। उन्होंने सतबीर सिंह को 42 वोटों से हराया। वहीं जाखौली कमान ग्राम पंचायत में जितेंद्र कादयान सरपंच चुने गए, उन्हें कुल 1508 वोट मिले। विक्रम सिंह दूसरे स्थान पर रहे, उन्हें कुल 1122 वोट प्राप्त हुए।

इसी प्रकार पंचायत समिति कैथल के वार्ड 10 से मुकेश पत्नी प्रदीप सदस्य चुनी गई। वहीं पंचायत समिति गुहला के वार्ड नंबर 14 से लक्ष्मी पत्नी सूखाराम सदस्य चुनी गई, उन्हें कुल 1048 वोट प्राप्त हुए। विभिन्न ग्राम पंचायत में पंच पद की बात करें तो 24 पदों पर सर्वसम्मति पहले ही हो चुकी है और 11 पदों पर किसी ने भी नामांकन नहीं भरा था, जिसकी वजह से ये 11 पद खाली रह गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी प्रीति ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि गांव शेरगढ़ मे सरपंच पद के लिए पांच तथा जाखौली कमान में दो उम्मीदवार उप चुनाव लड़ रहे थे। इसी प्रकार पंचायत समिति कैथल के वार्ड 10 से सदस्य पद के लिए दो उम्मीदवार तथा पंचायत समिति गुहला के वार्ड नंबर 14 से सदस्य पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में थे।

# भूतपूर्व वायु सैनिक राजेश खन्ना को विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया सम्मानित




**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** जिला करनाल स्थित वसंत विहार में एयर वेटर्नस वेलफेयर सोसाइटी करनाल की एक विशेष सभा आयोजित की गई, जिसमें जिले के भूतपूर्व वायु सैनिकों ने भाग लिया। इस विशेष अवसर का उद्देश्य राजेश खन्ना (भूतपूर्व सार्जेंट) को सम्मानित करना, जिन्होंने वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश का और विशेष रूप से वायु सैनिक समुदाय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 17 मई से 30 मई 2025 तक ताइये एवं न्यू ताईपे शहर, ताइवान में आयोजित की गई थी।

श्री राजेश खन्ना की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है। एयर वेटर्नस वेलफेयर सोसाइटी करनाल ने इस प्रेरणादायक कार्य के लिए उन्हें सम्मानित करते हुए प्रशंसा पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान किया। सभा की अध्यक्षता श्री धर्मपाल रमन (प्रधान) ने की। साथ ही अन्य वरिष्ठ सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें शामिल हैं। शिव कुमार (उपप्रधान), सुरेन्द्र कुमार, योगेंद्र पाठक, सोमदत्त शर्मा, कुलदीप, ऋषिपाल, दलीप, हरदीप एसपीएस रणधावा, महीपाल गौतम आदि मौजूद रहे। सभा में मौजूद सभी सदस्यों ने राजेश खन्ना को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसे प्रतिभावान व समर्पित सैनिक समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। सोसाइटी ने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के होनहार सदस्यों को समय-समय पर सम्मानित करती रहेगी।

# हांसी रोड पर दुकानदारों ने छबील में लोगों को पिलाया ठंडा व मीठा पानी

## छबील में न करें प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास का इस्तेमालः सुभाष चंद्र



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** भीषण गर्मी में राहगीरों को जल पिलाने के लिए हांसी रोड पर दुकानदारों की ओर से ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। सेवादारों ने रास्ते से गुजर रहे लोगों को मीठा पानी पिलाया और साथ ही प्लास्टिक के डिस्पोजल का इस्तेमाल न करके स्वच्छता का संदेश भी दिया। छबील का शुभारंभ स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने राहगीरों को जल पिलाकर किया। उन्होंने कहा कि इस माह में लोगों के लिए ठंडे पानी का प्रबंध करना धार्मिक महत्व के साथ गर्मी के मौसम की जरूरत भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे मौसम में स्थानीय दुकानदारों द्वारा छबील लगाकर सराहनीय काम किया गया है। हमें अपना कुछ समय लगाकर भलाई के काम अवश्य करने चाहिए।

सुभाष चंद्र ने कहा कि समाजसेवी ओमप्रकाश अरोड़ा वह अन्य लोगों ने छबील में कागज के गिलास का गिलासों का इस्तेमाल किया है जो कुछ दिनों बाद नष्ट हो जाते हैं। हमें छबील जैसे नेक कार्य में प्लास्टिक व प्रदूषण फैलाने वाले साधनों का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इसके स्थान पर हम स्टील या कांच के गिलास का इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास हवा में उड़कर नालों में चले जाते हैं जो बाद में पानी के बहाव को रोकते हैं। इस प्रकार की पहल सभी संस्थाओं को करनी चाहिए। समाजसेवी ओमप्रकाश अरोड़ा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बढ़ते तापमान के चलते ठंडे पानी की छबील लगाने का निर्णय लिया गया था। जल सेवा को हमारे धार्मिक कार्यों में उत्तम स्थान दिया गया है।

इस अवसर पर ओमप्रकाश अरोड़ा, सनी अरोड़ा, कैलाश, अशोक कुमार, राघव परुथी, साहिल जुनेजा, पवन व टिंकू अरोड़ा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नपा राजौंद ने कोर्डिनेटर प्रदीप कुमार धॉंदी के नेतृत्व में नगर में चलाया जागरूकता अभियान

## नागरिकों, दुकानदारों को सफाई रखने, प्लास्टीक के स्थान पर कपड़ा बैग प्रयोग करने के लिए किया जा रहा है जागरूकः नपा सचिव नरेंद्र शर्मा







**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** नगर पालिका राजौंद ने रविवार को नगर में प्लास्टीक बैंग के स्थान पर कपड़े के बैग प्रयोग करने व सफाई व्यवस्था में नपा राजौंद का सहयोग करने के लिए विशेष जागरुकता अभियान चलाया। सफाई कोर्डिनेटर प्रदीप कुमार धॉंदी की अगुवाई नपा टीम ने डोर टू डोर जा कर दुकानदारों को प्लास्टिक बैंग को त्यागने व कपड़ा व जूट के थैले प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। नागरिकों व दुकानदारों को सफाई का महत्व समझाया व सफाई व्यवस्था बनाए रखने में नपा राजौंद का सहयोग करने की अपील की।

नपा की ने नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया। प्रदीप कुमार धॉंदी ने कहा कि हरियाणा सरकार व डीएमसी कैथल के निर्देश अनुसार व नपा सचिव नरेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में जागरूकता अभियान एवं विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने दुकानदारों व नागरिकों को सफाई का महत्व बताते हुए सफाई व्यवस्था बनाए रखने में नपा राजौद का सहयोग करने की अपील की। नागरिकों से अनुरोध किया है गीला व सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में इक्कठा कर डोर-टू-डोर वाहन के अलग-अलग बनाए गए निर्देशित भाग में डालें।

मार्केट यूनियन राजौंद "बाला जी सेवा समिति" प्रधान भीम सिंह राणा ने नपा राजौंद के जागरूकता अभियान की प्रशंसा की है। उन्होंने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक के बैग के स्थान पर कपड़े या जूट के बैंग का प्रयोग करें। प्रधान ने सफाई व्यवस्था बनाए रखने में दूकानदारों की ओर से सहयोग करने का श्वसन दिया। महाराणा प्रताप मार्केट यूनियन प्रधान शन्नी शर्मा, सहयोगी तरसेम शर्मा, सुरेश मित्तल, हिरा लाल, पवन मित्तल, नवीन कुमार, दिलबाग ढुल, हितेश, राहुल छाबड़ा, अमन, लोकेश कुमार, सतपाल शर्मा, रामनिवास, बृजपाल, नवाब सिंह ने राजौंद के सभी दुकानदारों से अनुरोध किया है कि कूड़ा-करकट, पुराने पोलिथीन, लिफाफे बाहर गली में न फेंकें। पोलिथीन नालियों को अवरूद्ध करते हैं। सरकार व प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें। कपड़े या कागज के थैले का प्रयोग करें।

**नपा सचिव ने क्या बताया:** नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने भेजे संदेश में कहा कि हरियाणा सरकार, उपायुक्त कैथल, डीएमसी कैथल के निर्देश अनुसार राजौंद में सफाई पखवाड़ा मनाया जा रहा है। नागरिकों व दुकानदारों को सफाई का महत्व बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के बैग का प्रयोग बिल्कुल बंद कर दें। उसके स्थान पर कपड़े या जूट के बने हुए थैले का प्रयोग करें।

नागरिक सींगल यूज प्रतिबंधित पोलिथीन पन्नी का प्रयोग न करें। फल, सब्जी, कूड़ा-करकट पोलिथीन पन्नी में डाल कर नाले या गली में न फैंके। कूड़ा-करकट हमेशा डोर टू डोर के वाहन में डालें। सफाई व्यवस्था बनाए रखने में नपा प्रशासन राजौंद का सहयोग करें।